# राजस्थान सरकार

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर

जी 3/1, अम्बेडकर भवन, राजमहल रेजीडेन्सी, जयपुर

क्रमांक –एफ. 21( )/कम्प्यू/ RC/सान्याअवि/ 2015–16 दिनांक.................................

## निविदा सूचना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में उपलब्ध कम्प्यूटर्स, प्रिन्टर्स एवं यू.पी.एस. की दर संविदा किये जाने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विभाग द्वारा दर संविदा के आधार पर क्रय की जाने वाली सामग्री की अनुमानित लागत रुपये 20 लाख है। निविदा प्रपत्र मय दर संविदा किए जाने वाले आईटमस की सूची विभागीय वैब साईट http://sje.rajasthan.gov.in/misc/Tender_ComputerRC.pdf एवं http://sppp.raj.nic.in से Download किया जा सकता है।

| निविदा क्रमांक | क्र. स. | वस्तुओं का नाम | दर संविदा अवधि | धरोहर राशि लाखों में | निविदा जमा कराने की अंतिम तारीख | निविदा खोलने की तारीख | निविदा फार्म शुल्क रु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2/2016 | 1 | Hardware peripherals | 1 वर्ष | 0.40 | 18.03.2016 2.00 P.M तक डाउनलोड एवं जमा कराने की तिथि | बिड 18.03.2016 3.00 P.M पर खोली जावेगी | 200 |

निविदा प्रपत्र का शुल्क नकद में विभागीय कैशियर को जमा करवाया जा सकता है। निविदा प्रपत्र के शुल्क की मूल रसीद अथवा डिमान्ड ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा इसके अभाव में प्रस्तुत निविदा मान्य नहीं होगी।

निविदा के साथ अमानत राशि के रूप में रुपये 40000 का डिमान्ड ड्राफ्ट भी निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के नाम से प्रेषित किया जाना होगा।

निविदा के सम्बन्ध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कार्यालय समय में कार्य दिवसों पर दूरभाष 9461061867 अथवा ईमेल sjerajasthan@yahoo.co.in Sh. H. R. Singh, ACP से सम्पर्क करें।

निदेशक

क्रमांक –एफ. 21( )/कम्प्यू/ RC/सान्याअवि/ 2015–16 दिनांक.................................

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. सहायक निदेशक (जनसम्पर्क) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त निविदा का प्रकाशन एक राज्य स्तरीय एवं एक स्थानीय अखबारों में न्यूनतम स्पेस में प्रकाशित करावें ।
2. अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन), जयपुर ।
3. नोटिस बोर्ड कार्यालय ।

निदेशक

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर

**निविदा संख्या 2/16 – Hardware peripherals आपूर्ति के लिए तकनीकी निविदा प्रपत्र**

1. फर्म का नाम व पता :–

2. पंजीयन संख्या :– टिन सं.:–

   (प्रमाण पत्र संलग्न करें)

3. गत तीन वर्षों का टर्न ओवर :–

| वर्ष | राशि |
|---|---|
| 2014–15 | ........................................................ |
| 2013–14 | ........................................................ |
| 2012–13 | ........................................................ |

   ( अन्तिम लेखों की प्रमाणित प्रति संलग्न करें )

4. निर्माता कंपनी का नाम और उसकी ओर से प्राप्त अधिकार पत्र की प्रति संलग्न करें

5. संलग्न की गई अमानत राशि ........................................रूपए का डिमाण्ड ड्राफट/बैंकर्स चैक का विवरण ...............................................

6. निविदा शुल्क राशि. 200/– रूपए डी.डी./बैंकर चैक/नगद रसीद.................................................. दिनांक.........................................के द्वारा जमा करा दी गई है ।

7. संबंधित निविदा शर्तों का पढ़कर हस्ताक्षर किये गये ।

निविदादाता के हस्ताक्षर

संलग्नः–

राजस्थान सरकार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर

## निविदा सं. 2/16 – Hardware peripherals

## Financial Bid

1. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व डाक पता........................................................................................................................................................................................

2. किसको संबंधित किया गयाः– सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर

3. संदर्भ :– 2/16

4. निविदा शुल्क राशि. 200/– रूपए डी.डी./बैंकर चैक/नगद रसीद.......................................... दिनांक...................................के द्वारा जमा करा दी गई है ।

5. विभाग द्वारा जारी की गई निविदा सूचना संख्या 2/16 में वर्णित सभी शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हैं।

6. बैंक ड्राफट/बैंकर्स चैक संख्या ................................दिनांक............................................ जो ..................................................पर आहरित किया गया है । राशि रू................................ के लिए बयाना राशि के पेटे संलग्न किया गया है ।

7. बिक्री कर समाशोधन प्रमाण पत्र, अधिकृत विक्रेता का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाते हैं।

8. सामग्री की आपूर्ति एवं इन्स्टालेशन जयपुर स्थित कार्यालय या जिलों में विभाग के अधीन की जावेगी तत्पश्चात राज्य के सभी जिलों में स्थित विभागीय कार्यालयों में ऑन साईट वारन्टी प्रदान की जावेगी

9. निविदादाता दो अलग–अलग दरें–मुख्यालय एवं जिला कार्यालय के लिए अंकित करेंगे।

10. अंकित की गयी दरें बारह महीनें के लिए मान्य होगी।

संलग्न :– **प्रपत्र "अ"** पर दिये गये Specification के अनुसार

निविदादाता के हस्ताक्षर

# Tender No.2/16

प्रपत्र "अ"

| Sno. | Item | Specifications | Make / Model | Rate in Rs. at | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | HQ | District |
| 1 | 1 GB SD Desktop RAM | 66MHz/133MHz | | | |
| 2 | 2 GB SD Desktop RAM | 66MHz/133MHz | | | |
| 3 | 1 GB DDR 2 Desktop RAM | 66MHz/133MHz | | | |
| 4 | 2 GB DDR2 Desktop RAM | 66MHz/133MHz | | | |
| 5 | 1 GB DDR3 Desktop RAM | 66MHz/133MHz | | | |
| 6 | 2 GB DDR3 Desktop RAM | 66MHz/133MHz | | | |
| 7 | SMPS | 400/500 watts with fans | Desktop | | |
| 8 | 160 GB HDD | SATA for Desktop | | | |
| 9 | 250 GB HDD | SATA for Desktop | | | |
| 10 | 320 GB HDD | SATA for Desktop | | | |
| 11 | 500 GB HDD | SATA for Desktop | | | |
| 12 | 160 GB HDD | IDE for Desktop | | | |
| 13 | 250 GB HDD - IDE | IDE for Desktop | | | |
| 14 | 320 GB HDD - IDE | IDE for Desktop | | | |
| 15 | 500 GB HDD - IDE | IDE for Desktop | | | |
| 16 | 500 GB | Solid State Drive for Desktop | Samsung | | |
| 17 | 240 GB | Solid State Drive for Desktop | Samsung | | |
| 18 | 120 GB | Solid State Drive for Desktop | Samsung | | |
| 19 | UPS battery | 600VA 7A /24/42H | Exide / Amron/ equivalent | | |
| 20 | Printer Teflon | | HP-1505 / P-1007 / 1020 / Xerox 3117 / Canon 4-in-1 | | |
| 21 | Pressure roller | | HP-1505 / P-1007 / 1020 / Xerox 3117 / Canon 4-in-1 | | |
| 22 | Solenoid | | HP-1505 / P-1007 / 1020 / Xerox 3117 / Canon 4-in-1 | | |
| 23 | Fuser Assembly | | HP-1505 / P-1007 / 1020 / Xerox 3117 / Canon 4-in-1 | | |
| 24 | Standard Keyboard Desktop | wired USB / tacticle with long life | TVSE/HP/Logitech/i-Ball / Dell | | |
| 25 | Standard Keyboard Desktop | Wireless USB – tacticle with long life | TVSE/HP/Logitech/i-Ball / Dell | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | USB Optical mouse for Desktop | wired USB | TVSE/HP/Logitech/i-Ball / Dell | | |
| 27 | USB Optical mouse for Desktop | Wireless USB | TVSE/HP/Logitech/i-Ball/ Dell | | |
| 28 | Laser Toner Cartridge | Black 12-A | HP Laserjet 1015 | | |
| 29 | Laser Toner Cartridge | Black 12-A | HP Laserjet 1022 | | |
| 30 | Laser Toner Cartridge | Black 12-A | HP Laserjet 1020 | | |
| 31 | Laser Toner Cartridge | Black 78 A | HPLaserjet 1606 dn | | |
| 32 | Laser Toner Cartridge | Black 88-A | HP M1218 NFS | | |
| 33 | Laser Toner Cartridge | Black 88-A | HP Laserjet m202 | | |
| 34 | Laser Toner Cartridge | Black 88-A | HP PRO laserjet M226 All-in-one | | |
| 35 | Laser Toner Cartridge | Black 78-A | HP1536 all-in-one | | |
| 36 | Laser Toner Cartridge | Black 78-A | HP Laserjet 1566 | | |
| 37 | Laser Toner Cartridge | Black Xerox 3117 | Laserjet Xerox | | |
| 38 | Laser Toner Cartridge | Black Canon 328 | Canon 4-in-1 | | |
| 39 | Laser Toner Cartridge | Black 78-A | HP 1536 All in One | | |
| 40 | Laser Toner Cartridge | Black 88-A | HP Laserjet 1007 | | |
| 41 | Laser Toner Cartridge | Black 36-A | HP Laserjet 1505 | | |
| 42 | USB Pen Drive | 8GB/16GB/32 GB/64GB | Kingston / Sandisk / HP | | |
| 43 | Hybrid Pen Drive | 8GB/16GB/32 GB/64GB | Kingston / Sandisk / HP | | |
| 44 | Wi-Fi dongle for Desktop computers | USB 2.0/1.1; Wi-Fi Protected Access | D-Link / equivalent | | |
| 45 | DVD with cover box of 10 each | 4.7 GB | Sony or equivalent | | |
| 46 | CD with cover box of 10 each | 4.7 GB | Sony / Frontech or equivalent | | |
| 47 | DVD without cover box of 10 each | 4.7 GB | Sony or equivalent | | |
| 48 | CD without cover box of 10 each | 4.7 GB | Sony / Frontech or equivalent | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

# निविदा शर्ते

1. निविदादाता द्वारा दरें उचित स्थान पर अंकों एवं शब्दों दोनों में लिखनी चाहिये। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ एवं कांट छांट पर निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर किये जाने अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र स्याही या टंकण से भरा जावेगा। पैंसिल से भरी गई किसी भी निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

2. मोहर बन्द निविदा प्रपत्र (तकनीकी एवं वित्तीय पृथक पृथक लिफाफे में) मय बयाना राशि (अर्नेस्टमनी) दिनांक 17-03-2016 को दोपहर 2:00 बजे तक निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के कार्यालय में रखे हुये टेण्डर बॉक्स में पहुंच जानी चाहिये और उसी दिन सांय 3:00 बजे निविदायें खोली जावेगी ।

3. निविदादाता का / उसके प्रतिनिधि की ओर से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना पक्ष समर्थन कराना एक प्रकार का अनर्हता होगी ।

4. यदि निविदादाता ऐसी शर्त आरोपित करता है, जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो उसकी निविदा को संक्षिप्त रूप में कार्यवाही कर रद्द कर दिया जावेगा । किसी भी दशा में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नही समझा जायेगा, जब तक कि क्रेता अधिकारी द्वारा जारी किये गये निविदा स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित न किया गया हो ।

5. क्रय समिति किसी भी निविदा को जो आवश्यक रूप से न्यूनतम दर की निविदा नहीं है, स्वीकार करने, बिना कोई कारण बतलाये किसी भी निविदा को रद्द करने या जिन कार्यो के लिये निविदादाता ने निविदा दी है, उन सब के लिये या किसी एक या अधिक के लिये निविदा को स्वीकार करने या एक संस्था/एजेन्सी से अधिक को कार्य वितरित करने के अधिकार को अपने पास आरक्षित रखेगा ।

6. संस्था/एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत निविदाओं पर समिति द्वारा विचार किया जावेगा । इस संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

7. निविदाये उनके खोले जाने के दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये विधिमान्य होगी ।

8. असफल निविदादाता को बयाना राशि एक माह में (निविदा स्वीकृति होने की तिथि से) वापस कर दी जायेगी ।

9. करार एवं प्रतिभूति निक्षेपः–

   (1) सफल निविदादाता को आदेश के प्राप्त होने से 7 दिवस की अवधि के भीतर निर्धारित प्रारूप में एक करार निर्धारित पंजीयन शुल्क के स्टाम्प पेपर पर निष्पादित करना होगा तथा जिस कार्य के लिये निविदायें स्वीकार की गई है उनके मूल्य के 10 प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति राशि नगद/बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैंक/चालान की रसीद प्रति/बैंक गारन्टी के रूप में जमा करानी होगी । यह प्रतिभूति राशि प्रेषण के उस दिनांक से जिसको निविदा के स्वीकार किये जाने की सूचना उसे दी गई है 7 दिवस के भीतर जमा करायी जायेगी। साथ ही आपूर्तिकर्ता को विभाग के साथ एक करार करना होगा।

(अ) करार पत्र को पूर्ण करने एवं उस पर स्टाम्प लगाने का व्यय निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा तथा विभाग को उस करार की एक निष्पादित स्टाम्प शुदा प्रतिपडत निःशुल्क प्रस्तुत की जायेगी ।

(ब) प्रतिभूति राशि ठेके की अवधि समाप्त होने पर ठेके को संतोषजनक रूप से पूर्ण कर दिये जाने के बाद यदि कोई देय बकाया नही है, तो लिखित प्रार्थना पत्र देने पर एक माह में लौटा दी जावेगी।

(2) निविदा के समय जमा करायी गयी बयाना राशि को प्रतिभूति की राशि के लिये समायोजित किया जायेगा । प्रतिभूति की राशि किसी भी दशा में बयाना राशि से कम नही होगी।

(3) प्रतिभूति राशि पर विभाग द्वारा ब्याज का भुगतान नही किया जावेगा ।

(4) जब विहित समय के भीतर सप्लाई आदेश के अनुसार मदों की सप्लाई प्रारम्भ करने में असफल रहता हो तो अमानत राशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जाएगी।

10. निविदादाता करार को निष्पादित करते समय निम्न लिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगाः–

(1) यदि भागीदारी फर्म हो तो भागीदारी विलेख की एक अभि प्रमाणित प्रति ।

(2) यदि भागीदारी फर्म रजिस्ट्रार आफ फर्म्स के पास पंजीकृत हो तो पंजीयन संख्या व उसका वर्ष

11. पंजीकृत कंपनी के मामले में कंपनी रजिस्ट्रार के द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र :–

(1) फर्म आदि के गठन में किसी भी परिवर्तन की सूचना क्रेता अधिकारी को लिखित में अनुबंधित एजेन्सी/संस्था द्वारा दी जायेगी तथा इस परिवर्तन से संविदा के अधीन किसी भी दायित्व से, फर्म के पहले सदस्य को मुक्त नही किया जायेगा।

(2) संविदा के संबंध में फर्म में किसी भी नये भागीदार/भागीदारों को ठेकेदार द्वारा फर्म में तब तक स्वीकार नही किया जावेगा, जब तक कि इसकी समस्त शर्तों को मनाने के लिये बाध्य नही हो जाते एवं क्रेता अधिकारी को इस संबंध में लिखित इकरारनामा प्रस्तुत नही कर देते । प्राप्त स्वीकृति के लिये ठेकेदार की रसीद बाद में उपरोक्त रूप से स्वीकार की गयी किसी भागीदार को रसीद उन सबको बाध्य करेगी तथा वह संविदा के किसी प्रयोजन के लिये पर्याप्त रूप से उन्मुक्ति होगा ।

12. आपूर्तिकर्ता अपनी संविदा को या उसके किसी सारवान भाग को किसी अन्य ऐजेन्सी के नही सौपेगा या उप भाडे (सबलैट) पर नही देगा ।

13. सरकार द्वारा विहीत सेवा कर (सर्विस टैक्स) एवं अन्य सभी कर आदि आपूर्तिकर्ता द्वारा ही वहन कियें जावेगें ।

14. भुगतान अग्रिम नही किया जावेगा, जब तक पक्षकारों के मध्य अन्यथा सहमति न हो जाये । कार्य के लिये भुगतान निविदादाता द्वारा क्रेता अधिकारी को उचित प्रारूप में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार बिल प्रस्तुत करने पर किया जायेगा ।

15. बयाना राशि का समपहरण, बयाना राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहत कर लिया जायेगा

(1) जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार करने से पूर्व प्रस्ताव को वापस लेता है, उसमें उपान्तरण करता है ।

(2) जब निविदादाता विनिर्दिष्ट समय के भीतर विहित किसी करार को यदि कोई हो, निष्पादित नही करता हों ।

(3) जब निविदादाता आपूर्ति के लिये आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नही कराता हों।

(4) जब वह विहीत समय के भीतर कार्य आदेश के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने में असफल रहता हो।

16. प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण :–

प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपर्हत कर लिया जावेगा ।

(1) जब संविदा की शर्तों का उल्लंघन किया गया हो ।

(2) जब निविदादाता सम्पूर्ण सप्लाई संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो ।

(3) प्रतिभूति निक्षेप को समपर्हत करने के मामले में युक्ति युक्त समय पूर्व नोटिस दिया जावेगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

17. आपूर्तिकर्ता द्वारा शर्तों का उल्लंघन करने पर उसे 15 दिवस का नोटिस देकर आपूर्ति आदेश निरस्त कर दिया जावेगा।

18. आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रमाण पत्र में या अन्य कोई त्रुटि पायी जाने पर निविदा को रद्द करने का अधिकार निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को होगा ।

19. यदि संविदा के निर्वचन, आशय या संविदा की शर्तों के उल्लंघन के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो पक्षकारों द्वारा मामलें को विभागाध्यक्ष को भेजा जायेगा, जो इस विवाद के लिये एक मात्र मध्यस्थ के रूप में अपने वरिष्ठतम अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा ।

20. कोई भी डीलर /फर्म जहां उसका व्यवसाय स्थित है । बिक्री कर वैट पंजीयन संख्या का उल्लेख किया जाना चाहिए तथा संबंधित सर्किल के वाणिज्यिक कर अधिकारी से बिक्री कर वैट शोधन प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जावेगा, तथा इसके बिना निविदा को रद्द कर दिया जाएगा ।

21. दरें गन्तव्य स्थान तक एफ.ओ.आर उद्धत की जायेगी ।

22. प्रदाय की जाने वाली वस्तुऐं निविदा में निर्धारित स्पेसीफिकेशन के अनुरूप होंगी ।

23. निविदा के साथ नियमानुसार बयाना राशि बैंक ड्राफट/बैंकर्स चैक के रूप में प्रस्तुत की जाएगी। इसके बिना निविदा पर विचार नही किया जाएगा ।

24. उन फर्मों को जो निदेशक, उद्योग विभाग राजस्थान के पास पंजीकृत है, उन मदों के संबंध में जिनके लिए वे उक्त रूप से रजिस्ट्रर्ड की गई है, उनके द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र या उसकी फोटोस्टेट प्रति किसी विधिवत अनुप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर बयाना राशि में नियमानुसार छूट होगी।

25. फर्म का विगत वर्ष का टर्न ऑवर रूपये एक करोड या अधिक होना चाहिए।

26. पिछले तीन वर्ष की बैलेंस शीट सीए द्वारा प्रमाणित संलग्न करें।

27. विनिर्माता एवं अधिकृत डीलर ही निविदा प्रस्तुत करने के पात्र होगें।

28. सभी हार्डवेयर संबंधित शिकायते 24 घण्टों के भीतर अटेण्ड की जावेगी तथा 48 घण्टों के अन्दर उसका निस्तारण किया जायेगा अन्यथा 500/– प्रति दिन पेनल्टी देय होगी ।

29. VAT अतिरिक्त दर्शाया जावे।

30. निविदादाता सम्बन्धित निविदा शर्त प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर कर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के साथ संलग्न करें।

31. विभाग द्वारा आपूर्ति किए जाने वाली सामग्री को 50 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है।

32. निविदा में अंकित सामग्री में से किसी भी सामग्री की मात्रा को कम अथवा शून्य किया जा सकता है, इसका पूर्ण निर्णय करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

निविदादाता के हस्ताक्षर